छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2023 | वर्ष-20 | अंक - 01



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2023 | वर्ष-20 | अंक - 01

## संरक्षक



**श्री अंकित आनंद (IAS)**
अध्यक्ष



**श्रीमती उज्जवला बघेल**
प्रबंध निदेशक
(ट्रांसमिशन)



**श्री मनोज खरे**
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन)



**श्री एस. के. कटियार**
प्रबंध निदेशक
(जनरेशन)

**संपादक**

**गोविंद पटेल**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

सह संपादक : अनामिका मण्डावी

छाया : संजय टेम्बे, सहयोग : प्रसन्न दुबे

▪ फोन: 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com



# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवम्बर 2000 | जनवरी 2023 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2840 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.7 मेगावॉट |
| कुल ताप , जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2978.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | ....... | 1618.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्रों की संख्या | 27 नग | 130 नग |
| अति उच्चदाब लाइन की लंबाई | 5205 सर्किट किमी | 13647 सर्किट किमी |
| 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या | 248 नग | 1343 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6,988 सर्किट किमी | 24,037 सर्किट किमी |
| 11/04 केव्ही उपकेन्द्र की संख्या | 29,692 नग | 2,12,268 नग |
| 11 केव्ही लाईनों की लम्बाई | 40,556 किमी | 1,27,136 किमी |
| निम्नदाब लाइनों की लम्बाई | 51,314 किमी | 2,18,388 किमी |
| निम्नदाब उपभोक्ताओं की संख्या | 18,90,998 | 61,20,381 |
| उच्चदाब उपभोक्ताओं की संख्या | 530 | 3,546 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्रावधिक) | 73,369 | 5,05,301 |



गणतंत्र दिवस के मौके पर संकल्प के नववर्ष अंक का विमोचन सेवाभवन में ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने किया।

# प्रदेश में विद्युत विकास के प्रयास सराहनीय- श्री देवांगन





ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री विवेक देवांगन (आईएएस) ने छत्तीसगढ़ में भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के अनुरूप हो रहे विद्युत अधोसंरचना के विकास कार्यों की सराहना करते हुए लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने में हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने 13 फरवरी को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विद्युत विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की एवं विभिन्न विद्युत विकास योजना पर चर्चा की। पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित इस बैठक के दौरान पॉवर कंपनी के अध्यक्ष श्री अंकित आनंद , प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल, श्री मनोज खरे,श्री एस के कटियार समेत कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य अभियंता मौजूद थे। सीएमडी श्री देवांगन ने प्रदेश में ग्रामीण विद्युतीकरण, दुर्गम एवं दूरस्थ वनांचलों में घरों तक बिजली पहुँचाने, कृषि सिंचाई पंपों के लिए फीडर पृथक्ककरण, विद्युत उपभोक्ता सेवा, पारेषण एवं वितरण हानि समेत अन्य विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री अंकित आनंद ने प्रदेश में रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्गम क्षेत्रों में हर घर को बिजली पहुँचाने के लिए पॉवर कंपनी एवं छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा अभिकरण ( क्रेडा) संयुक्त रूप से प्रयासरत है। विद्युत अधोसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकार भी सजग है और विभिन्न विकास कार्यों के लिए शासन की ओर से लगातार मदद दी जा रही है। श्री आनंद ने बताया कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 1320 मेगावॉट ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना के लिए राज्य शासन ने घोषणा की है और इस दिशा में विभिन्न स्वीकृतियों के लिए औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने पंप स्टोरेज परियोजना से बिजली उत्पादन की प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी दी। श्री देवांगन ने हरित ऊर्जा की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की सराहना की। समीक्षा बैठक के दौरान आरईसी के सीएमडी श्री देवांगन ने आरडीएसएस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्मार्ट मीटरिंग की दिशा में प्रदेश में किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया कि निर्धारित समय सीमा में कार्य आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि आरडीएसएस योजना के माध्यम से देशभर में वितरण हानि कम करने तथा उपभोक्ताओं के हित में बिजली मीटरिंग व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने का लक्ष्य है। आरईसी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत भी प्रदेश के विकास में सहभागिता देने के लिए तैयार है। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर, मुख्य अभियंता (परियोजना) श्री राजेन्द्र प्रसाद, श्री एच.एन.कोसरिया, महाप्रबंधक वित्त श्री वाय. बी. जैन, श्री आलोक सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# राजनांदगांव-डोंगरगांव के लिए डबल सर्किट लाइन ऊर्जीकृत



प्रदेश में आर्थिक विकास को गति देने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लगातार पारेषण क्षमता में वृद्धि कर रही है। इसी कड़ी में 29 जनवरी को 132 केवी राजनांदगांव-डोंगरगांव डबल सर्किट लाइन तथा गुंडरदेही टीएसएस को ऊर्जीकृत किया गया। इस अवसर पर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल विशेष रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए कंपनी के सभी इंजीनियरों और अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएँ दीं। राजनांदगांव-डोंगरगांव लाइन की लंबाई 28.58 किलोमीटर तथा गुंडरदेही लाइन की 6.5 किलोमीटर है। इससे वहां निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

# राजधानी क्षेत्र में बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए नया उपकेंद्र



प्रदेश में आर्थिक विकास को गति देने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लगातार पारेषण क्षमता में वृद्धि कर रही है। इसी कड़ी में राजधानी से लगे सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में 132/33 केवी के नए उपकेंद्र 25.01.2023 को ऊर्जीकृत किया गया। लगभग 24 करोड़ की लागत से इसका अतिउच्चदाब उपकेंद्र (ईएचटी सब-स्टेशन) का निर्माण किया गया है। इसके ऊर्जीकृत होने से राजधानी क्षेत्र तथा इनसे लगे 38 गांवों के विभिन्न उपभोक्ताओं को सीधा फायदा होगा। साथ ही सिलतरा फेस-02 के उद्योगों को मांग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

सिलतरा के इस उपकेंद्र को ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने पूजा-अर्चना कर ऊर्जीकृत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने नए ऊपकेंद्र के ऊर्जीकरण के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह ट्रांसमिशन कंपनी का 130वां अतिउच्चदाब उपकेंद्र हैं। राज्य बनने के समय अतिउच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या महज 27 थी। गौरतलब है कि औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा प्रदेश का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ औद्योगिक केंद्र है, जिसमें राज्य को वृहत मात्रा में राजस्व एवम स्थानीय निवासियों को रोजगार मिल रहा है। प्रदेश के आर्थिक विकास में इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। सिलतरा में एक 220/132/33 केव्ही सबस्टेशन पहले से ही कार्यरत है, परन्तु विद्युत की मांग में वृद्धि के कारण नए उपकेंद्र की आवश्यकता महसूस की गई। तदानुसार पॉवर कंपनी ने 132/33केव्ही उपकेंद्र निर्माण कार्य सिलतरा फेस-02 में आज पूर्ण कर उर्जीकृत किया, इस सबस्टेशन में 63 एमव्हीए क्षमता के दो ट्रांसफॉर्मर लगाए गए हैं। इससे इस क्षेत्र के बढ़ती हुई विद्युत मांग की आपूर्ति सुगमता से की जा सकेगी। साथ ही सिलतरा, धरसींवा, चरोदा, धनेली, मुरेठी, सांकरा, कुंरा, परसतराई, सोंडराबिरगांव, सिलयारी, मांढर, कुरुद एवं आसपास के लगभग 38 गांवों में विभिन्न प्रयोजनों के लिये विद्युत आपूर्ति बेहतर होगी। इस मौके पर कार्यपालक निदेशक सर्वश्री डीके चावड़ा, जेएस नेताम, मुख्य अभियंता केके भौरासे, कृष्णकुमार भगत, अति. मुख्य अभियंता अविनाश सोनेकर, एएन दुबे, अधीक्षण अभियंता विश्वास देशमुख, ऋषि बंछोर, आरके तिवारी, पीके गढ़ेवाल, मनोज राय, कार्यपालन अभियंता उमाकांत यादव, करुणेश यादव, अमित कुमार, रमेश प्रसाद, धनेश देवांगन, प्रशांत साहू, रूबी सारिका चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

# हसदेव संयंत्र में नये जनरेटर ट्रांसफार्मर की स्थापना

**कोरबा-पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह के इकाई क्रमांक 01 के वार्षिक रखरखाव के दौरान ही पुराने स्थान पर नये 250 एमवीए जनरेटर ट्रांसफार्मर की स्थापना सफलतापूर्वक की गई। उक्त कार्य संयंत्र में रिकार्ड समय में करते हुए परिचालन में लाया गया, जिससे इकाई से जल्द विद्युत उत्पादन सुनिश्चित किया जा सका। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.के. कटियार ने ट्रांसफार्मर स्थापना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य अभियंता श्री केके.डोंगरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने तिरंगा फहराकर ली सलामी





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आई.ए.एस.) ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उपस्थित जनों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि प्रदेश के 61 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति करने में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी पूरी मुस्तैदी से लगी है। राज्य शासन की हॉफ बिजली बिल योजना से आम लोगों को सस्ती बिजली मिल रही है। 400 यूनिट तक विद्युत खपत पर टैरिफ दर में घरेलू उपभोक्ताओं को छूट प्रदान की जा रही है। एक मार्च 2019 से अक्टूबर 2022 तक इस योजना में 3 हजार 316 करोड़ रुपए की छूट 42 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ता को प्रदान की जा चुकी है। पॉवर कंपनी को जीरो पॉवर कट स्टेट के रूप में जो ख्याति मिली हुई है वह लगातार बनी हुई है। इस हेतु उन्होंने कंपनीज के कर्मियों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।

समारोह में प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन कंपनी श्रीमती उज्वला बघेल, वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे एवं जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.के.कटियार, मुख्य अभियंता(मानव संसाधन) श्री अशोक कुमार वर्मा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमाण्डर श्री ए. श्रीनिवास राव सहित कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य अभियंतागण उपस्थित थे। श्री आनंद ने कहा कि गारे पेलमा कोयला खदान से कोयला खनन का कार्य उत्पादन कंपनी के लिए किया जा रहा है। देशव्यापी कोयला संकट के दौर में भी पॉवर कंपनी को कोयले का संकट उत्पन्न नहीं हुआ इसमें इस खदान की बड़ी भूमिका रही। कोरबा पश्चिम की 500 मेगावॉट की इकाई द्वारा अक्टूबर22 में 375 मिलियन यूनिट का रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन किया गया जो अपने स्थापना काल से अब तक सर्वाधिक है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को द इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया ने सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन प्रदान किया है। यह सम्मान पिछले चार वर्षों में लगातार ट्रांसमिशन सिस्टम की उपलब्धता फैक्टर और ट्रांसमिशन लॉस के राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों से बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है। प्रदेश में उपलब्ध बिजली को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए पॉवर ट्रांसमिशन कपंनी लगातार अपनी क्षमता में वृद्धि कर रही है। इस वर्ष 5 नए अति उच्चदाब उपकेंद्रों को उर्जीकृत करने का उत्कृष्ट किया गया है। कृषक जीवन ज्योति योजना के तहत प्रदेश में छह लाख 25 हजार से अधिक किसानों को निर्धारित सीमा तक निःशुल्क बिजली आपूर्ति की जा रही है। बीते चार वर्षों में कुल 10 हजार 944 करोड़ रुपए की छूट कृषि पंपों के बिलों पर दी गई है। प्रदेश के बीपीएल परिवारों को एकलबत्ती कनेक्शन पर 30 यूनिट तक निःशुल्क बिजली दी जा रही है। बीते चार वर्षों में 1877 करोड़ रूपए की निःशुल्क बिजली से बीपीएल परिवारों को आर्थिक संबल मिला है।

पॉवर कंपनी समूह स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा शीघ्र शुरू करने जा रही है। जिससे कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी और उनके आश्रितों को सुगम चिकित्सा मिल सकेगी। विद्युत कर्मियों के लिए गोपनीय चरित्रावली लिखने संबंधी नियमों में आवश्यक बदलाव किया गया है जिससे योग्य कर्मियों को पदोन्नति एवं उच्च वेतनमान का लाभ अब समय पर मिल सकेगा। समारोह में सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी आर.के.साहू, सुरक्षा निरीक्षक प्रभुशरण सिंह एवं बैन्ड दल के ताराचंद बेन के नेतृत्व में परेड की प्रस्तुति दी गई। समारोह का संचालन प्रबंधक(जनसम्पर्क) श्री गोविंद पटेल ने किया।





# डीएसपीएम को सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का पुरस्कार



गणतंत्र दिवस के अवसर पर डंगनिया मुख्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व (डी.एस.पी.एम) को इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह का पुरस्कार प्रदान किया। चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आई.ए.एस.) ने इस यूनिट के एसीई श्री शैलेन्द्र शर्मा को तीन लाख रूपए व प्रमाण पत्र प्रदान किया। पुरस्कृतजनों की उपलब्धियों को मुख्य अभियंता (एचआर) श्री अशोक कुमार वर्मा ने प्रस्तुत किया। डीएसपीएम ने वर्ष 2021-22 में 89.23 पीएलएफ के साथ 3908.428 मिलियन यूनिट के विद्युत उत्पादन किया। साथ ही छह संभागों को 50-50 हजार रूपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसमें एमडी श्रीमती उज्जवला बघेल, श्री मनोज खरे एवं श्री एस.के.कटियार उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सुरक्षा विभाग के कर्मियों के उत्साहवर्धन हेतु बेस्ट टर्न आउट 2023 पुरस्कार मुख्य सुरक्षा सैनिक अशोक कुमार लाठिया रायपुर, कार्यभारित सुरक्षा सैनिक सुरेश कुमार सूर्यवंशी मड़वा, निजी सुरक्षा सैनिक ऋषिकेश वर्मा रायपुर एवं मोहर दास रायपुर को दिया गया। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी आर.के.साहू, प्रभुशरण सिंह व बैंड मास्टर ताराचंद बेन को भी सम्मानित किया गया।



**न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर - दंतेवाड़ा**

न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर का पुरस्कार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के ईई(संचारण एवं संधारण) संभाग दंतेवाड़ा को दिया गया। ईई श्री पी.के.शुक्ला ने सम्मान प्राप्त किया।



**न्यूनतम लाईन लॉस - नारायणपुर**

न्यूनतम लाईन लॉस बनाए रखने के लिए कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग नारायणपुर को पुरस्कृत किया गया। ईई श्री एच.के.ध्रुव ने इस पुरस्कार को ग्रहण किया।



**सर्वोत्तम लाईन संधारण संभाग- भिलाई**

ट्रांसमिशन कंपनी में सर्वोत्तम (लाईन संधारण) संभाग का पुरस्कार ईई (ईएचटी-लाईन संधारण) भिलाई को मिला। यह पुरस्कार ईई श्री राजेश सिंह एवं एई श्री एस.पी.मंडावी ने ग्रहण किया।



**सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन - धमतरी**

सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग धमतरी को प्रदान किया गया, जिसे कार्यपालन अभियंता श्री वी.के. शर्मा ने ग्रहण किया।



**सर्वोत्तम उपकेन्द्र संभाग- गुढ़ियारी-01**

रायपुर शहर व औद्योगिक क्षेत्रों में बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए सर्वोत्तम उपकेन्द्र संभाग का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता उपकेन्द्र संभाग एक गुढ़ियारी दिया गया। ईई श्री धनेश कुमार देवांगन ने ग्रहण किया।



**सर्वश्रेष्ठ सिविल संभाग- रायपुर**

सर्वश्रेष्ठ सिविल संभाग का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता(सिविल) संभाग, ट्रांसमिशन कंपनी रायपुर को प्रदान किया गया, जिसे कार्यपालन अभियंता श्री आर.एल.साहू द्वारा ग्रहण किया गया।

# आंधी-बारिश के बीच बिजली बहाल करने वाले पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आई.ए.एस.) ने गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर राज्य स्तर पर व्यक्तिगत उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया।



### 1. श्री सुरेश कुमार गुप्ता

रायगढ़ के नंदेली वितरण केंद्र में पदस्थ जेई श्री सुरेश कुमार गुप्ता को नन्देली एवं कुसमुरा वितरण केन्द्रों के लाईन लास 33.34 प्रतिशत की तुलना मं 20.19 प्रतिशत करने एवं ट्रांसफार्मर विफलता की दर को 9.96 से घटाकर 7.25 प्रतिशत तक लाने के उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।



### 2. श्री किशनराम जुर्री

भानुप्रतापपुर के कोयलीबेड़ा वितरण केन्द्र में कार्यरत परिचारक श्रेणी-एक श्री किशनराम जुर्री को कोयलीबेड़ा जैसे अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में रात में भी लाईन ब्रेकडाउन की स्थिति में जान की परवाह किये बिना बरसात के दिनों में बाढ़ की स्थिति में नदी पार करके विद्युत व्यवस्था बनाये रखने तथा एरियर्स वसूली के लिए सम्मानित किया गया।



### 3. श्री ब्रिजेश प्रसाद विश्वकर्मा

कोरबा पश्चिम के संयंत्र परिचारक श्रेणी-एक श्री ब्रिजेश विश्वकर्मा को टरबाईन के खराब बियरिंग नंबर-1 को बदलने हेतु सभी आवश्यक उपकरण इंतजाम कर बीएचईएल टीम के साथ सहयोग कर मात्र 3 दिन में कार्य पूर्ण कर इकाई को पुनः परिचालन में लाने के लिए सम्मानित किया गया।



### 4. श्री भीखम टण्डन

एबीवीटीपीएस, मड़वा के सभी कन्वेयर सिस्टम हाइड्रोलिक पॉवर पेक व्दारा संचालित हैं। सहीयक अभियंत श्री भीखम टण्डन ने पी.एल.सी. सिस्टम के लॉजिक में मॉडिफिकेशन कर पंप एवं मोटर को अत्याधिक डेमेज होने से बचाया। तथा आईल के अपव्यय को रोक कर कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाने का उल्लेखनीय कार्य किया।



### 5. श्री ठामेन्द्र कुमार साहू

132 केव्ही उपकेन्द्र, कचना में पदस्थ श्री ठामेन्द्र साहू परि. श्रेणी एक द्वारा कचना के अतिरिक्त सिलतरा, सरोना, उरला सेक्टर-सी. बीरगांव, कुथरेल उपकेन्द्रों के संधारण कार्यों में विशेष योगदान के साथ ट्रांसफार्मर फेल होने से बचाकर कंपनी को आर्थिक हानि से बचाने का उल्लेखनीय कार्य किया गया।



### 6. कु. शालिनी लकड़ा

ईई (सी एंड टी) संभाग, कोरबा में पदस्थ कु.शालिनी लकड़ा, एई द्वारा केटीपीएस, कोरबा के 50 वर्ष पुराने 220 केव्ही उपकेन्द्र को आर.टी.यू. पेनल वायरिंग में फेरूल ना होने के बावजूद अपनी सूझबूझ से संचार उपकरणों को ऑनलाईन कर लोड डिस्पेच सेंटर, रायपुर तक सफलतापूर्वक डाटा प्रेषण सुनिश्चित करने का उल्लेखनीय कार्य किया गया।

# केंद्रीय कार्यालय के छह कर्मी बेहतर सेवा के लिए सम्मानित

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आई.ए.एस.) ने गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर केन्द्रीय कार्यालय स्तर पर व्यक्तिगत उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया।



### श्रीमती चंद्रकला गिदवानी

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के ईडी (एस एंड पी) रायपुर कार्यालय में पदस्थ श्रीमती गिदवानी, एसई द्वारा केन्द्रीय परीक्षण प्रयोगशाला, भिलाई में मीटर परीक्षण प्रारंभ करवाने, आटोमेटिक मीटर रीडिंग हेतु जीपीआरएस मॉडम, एनर्जी मीटर, सीएमआरआई, एटीपी मशीन, सबस्टेशन हेतु सीटी और पीटी आदि की खरीदी प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण कराने का उल्लेखनीय कार्य किया गया।



### श्री नीरज कुमार वर्मा

जनरेशन कंपनी के कार्यालय सीई (सी.पी. एण्ड बी.डी.) रायपुर में पदस्थ श्री नीरज वर्मा एई द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च क्षमता के ऊर्जा भंडारण तकनीक पंप स्टोरेज, जल विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु नीति, 2022 के निर्माण, पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजना हेतु स्थलों का चिन्हांकन कर समय पूर्व टीसीएफआर रिपोर्ट तैयार करने का उल्लेखनीय कार्य किया गया।



### श्री संयम सुमीत बेक

ईडी (ईआईटीसी), रायपुर कार्यालय में पदस्थ श्री संयम सुमीत बेक, प्रोग्रामर द्वारा डिपोजिट वर्क प्रोसेस से संबंधित कार्य को सेप प्रणाली में डेवलपमेंट, कॉन्फिग्रेशन इम्प्लिमेन्टेशन, ट्रेनिंग का कार्य सुचारू रूप से संपादित किया, जिसे डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में लागू करवाया गया ताकि डिमांड नोट क्रियेशन, मनी रिसीप्ट एवं क्रेडिट स्लिप सेप के माध्यम से करने से कंपनी को बहुत अधिक आर्थिक लाभ पहुंचाने का उल्लेखनीय कार्य किया गया।



### श्री धर्मजीत भट्ट

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (निर्माण एवं लाइन संधारण) रायपुर में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्री धर्मजीत भट्ट को पूर्ण समर्पण की भावना से स्थापना, कैश, क्रय प्रभाग का कार्य संपादित किये जाने के साथ-साथ विधानसभा सत्र प्रश्नों तथा शिकायतों का यथोचित जवाब समय सीमा में प्रस्तुत करने के उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।



### श्री देवेन्द्र कुमार खेलवार

जनरेशन कंपनी के ईडी (ओ एंड एम) रायपुर कार्यालय में पदस्थ श्री देवेन्द्र खेलवार, ईई द्वारा छत्तीसगढ़ उत्पादन कंपनी के IT Infrastructure को अपग्रेड कर अति अत्याधुनिक सर्वर की स्थापना व क्रियान्वयन का विशिष्ट कार्य सफलतापूर्वक करने का उल्लेखनीय कार्य किया गया।



### श्री संजय अग्रवाल

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक कार्यालय में पदस्थ निज सहायक श्री संजय अग्रवाल को आबंटित कार्यों के साथ-साथ स्टॉफ ऑफिसर एवं निज सचिव की अनुपस्थिति के कालखण्ड में सभी कार्यों का निष्पादन उच्च गुणवत्ता के साथ करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

# ट्रांसमिशन कंपनी के छह कर्मियों को उत्कृष्टता सम्मान



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने गणतंत्र दिवस के मौके पर क्षेत्रीय स्तर पर छह कर्मियों को सम्मानित किया। 26 जनवरी को सेवा भवन में आयोजित समारोह में प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने उन्हें प्रमाण-पत्र, पदक व एक-एक हजार रुपए पारितोषिक प्रदान किया।

### श्रीमती वीना नारंग


कार्यालय कार्यपालक निदेशक (एसएस ओ एंड एम)रायपुर में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्रीमती वीना



नारंग को तीन नए सर्कल कार्यालयों एवं 13 संभागीय कार्यालयों से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने अन्य उल्लेखनीय कार्य किये, जिसमें वार्षिक पूंजीगत एवं संचारण संधारण बजट के प्रस्ताव, सर्वे रिपोर्ट, प्राक्कलन, ले-आऊट, समेकित वार्षित सामग्री की मांग एवं आबंटन के प्रस्ताव, तकनीकी साध्यता रिपोर्ट के कार्य शामिल थे। इसके अलावा आपने नए उच्च दाब उपभोक्ताओं एवं सीपीपी आईपीपी एसपीपी आदि पीएसडीएफ से संबंधित कार्य व प्रस्तावों की जानकारी त्वरित गति से तैयार की।

### श्री सोनकु राम नाग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (ईएचटी) मेनेटेनेंस जगदलपुर में पदस्थ परिचारक श्रेणी-01 श्री सोनकु



राम नाग ने ईएचटी संभाग बारसूर में 16 वर्षों से अधिक समय तक सेवाएं दी। दुर्गम, सघन वन और पहाड़ी क्षेत्र से गुजरने वाली पारेषण लाइनों के संधारण का कार्य समर्पण के साथ किया। निष्ठापूर्ण सेवा के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। 10 अक्टूबर 2022 को 132 केवी लाइन बारसूर-किरंदुल सर्किट दो में आए तकनीकी फाल्ट के कारण दूसरे सर्किट पर लोड बढ़ गया था, ब्रेकडाऊन की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। तेज आंधी तूफान के बीच साहस का परिचय देते हुए समय पर फाल्ट को पता लगाया, जिससे दूसरे सर्किट को ब्रेकडाउन होने से बचाया जा सका।

### श्री पुनीत राम ध्रुव


कार्यालय कार्यपालन अभियंता (ईएचटी) मेन्टेंनेंस रायपुर में पदस्थ परिचारक श्रेणी-01 श्री पुनीत राम



ध्रुव को विपरीत और कठिन परिस्थितियों में अपनी सूझबूझ से 400 केवी की लाइन का पता लगाकर उसे ठीक करने के लिये सम्मानित किया गया। 20 अगस्त को 400 केवी मड़वा से रैता जाने वाली अति महत्वपूर्ण लाइन के सर्किट क्रमांक02 के एक फेस का कंडक्टर तार दो टावरों के मध्य टूटने से ब्रेकडाऊन हो गया था। भारी बारिश के बीच खेतों में भरे हुए पानी के बीच जाकर इस दुष्कर कार्य को पता करना था और उसे ठीक करना था। आपने साहस का परिचय देते हुए इसे ठीक किया और विद्युत आपूर्ति बहाल करने का उल्लेखनीय कार्य किया।

### श्री पीतांबर कुमार वर्मा

कार्यालय मुख्य अभियंता (एचआर) के अधीन विधि विभाग में कार्यरत् भृत्य श्री पीतांबर कुमार वर्मा ने



शारीरिक रूप से समस्या होने के बावजूद आबंटित कार्यों को समय पर पूरा किया। साथ ही अतिरिक्त कार्य के रूप में विधि विभाग के आवक-जावक का काम व समय-समय पर अन्य अनुभागों की नस्तियों के संधारण के उल्लेखनीय कार्य के लिए आपको सम्मानित किया गया।

### श्रीमती कविता यादव

कार्यालय मुख्य अभियंता (सिविल) रायपुर में पदस्थ कार्यालय सहायक श्रेणी-03 श्रीमती कविता यादव को



निविदा शाखा में लगभग 87 निविदाओं का निष्पादन पूर्ण करने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही इनमें निविदा प्रकरण तैयार करने से लेकर, उनके प्रकाशन, वेबसाइट, ई-निविदा को खोलने, अमानत राशि विमोचल तथा अन्य सभी कार्य को समय पर पूरा करने का उल्लेखनीय कार्य किया गया।

### श्री राजकुमार राठौर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (ईएचटी) निर्माण संभाग भिलाई में कार्यरत् परिचारक श्रेणी-01



(लाइन) श्री राजकुमार राठौर को 132 केवी दल्लीराजहरा रेलवे लाइन एवं 132 केवी फीडर-बे दल्लीराजहरा का कार्य निर्बाध रूप से पूरा कराने में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रस्तावित 132/32 केवी उपकेंद्र अमलेश्वर एवं छावनी के कार्य को निर्बाध रूप से पूरा करने में विशेष योगदान दिया।

Reform-05

# ट्रांसमिशन कंपनी में प्रभावी, परिणाम उन्मुख एवं सुगम कार्यप्रणाली हेतु संगठनात्मक बदलाव-एक ठोस कदम



## (Re-structuring Of Transmission Company)



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्रबंधन ने मैदानी स्तर की कठिनाईयों को दूर करने हेतु वर्तमान में लागू कार्यप्रणाली को ज्यादा बेहतर, सुगम एवं परिणामोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से संगठनात्मक बदलाव एवं ढांचागत सुधार किया है।**

पहले चरण में योजना (प्लानिंग) विभाग को पूर्ववत कमर्शियल एवं रेग्यूलेटरी अफेयर के साथ सम्बद्ध किया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट प्लानिंग) को अब नया नाम मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट) एवं मुख्य अभियंता (कमर्शियल एंड रेग्युलेटरी अफेयर) को मुख्य अभियंता (प्लानिंग, कमर्शियल एंड रेग्यूलेटरी अफेयर्स) के नाम से जाना जाएगा। इस व्यवस्था के अनुसार प्रोजेक्ट कार्यालय के कार्य को संतुलित करने का प्रयास किया गया है ताकि प्रोजेक्ट संबंधित कार्यो यथा अति उच्च दाब लाइनों एवं अति उच्च दाब उपकेन्द्रों के निर्माण संबंधित समस्त निविदा प्रक्रिया को बेहतर मानिटरिंग के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जा सके।

दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में विभिन्न क्षेत्रों में 10 मुख्य अभियंता कार्यालय कार्यरत थे। इन सभी के बीच सामन्जस्य एवं समन्वय स्थापित करने की दृष्टि से एक मुख्य अभियंता की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अतः एक नये मुख्य अभियंता (ट्रांसमिशन) कार्यालय का गठन किया गया है।

इसी प्रकार छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के दो मुख्य कार्य यथा उच्च दाब लाईनों का निर्माण एवं रखरखाव तथा उपकेन्द्रों का निर्माण एवं रखरखाव है परंतु इनके कार्य क्षेत्र बिल्कुल अलग-अलग नहीं होने के कारण कई बार प्रत्याशित परिणाम मिलने में विलंब होता था। अतः लाईन के निर्माण एवं रखरखाव का कार्य तथा उपकेन्द्र का निर्माण एवं रखरखाव कार्य अलग-अलग कर दिया गया है अर्थात् मुख्य अभियंता (सी.एण्ड एल.एम) का नाम बदलकर मुख्य अभियंता (लाईन) कर दिया गया है। इसी प्रकार मुख्य



अभियंता (उपकेन्द्र-संचा/संधा) का नाम बदलकर मुख्य अभियंता (उपकेन्द्र) कर दिया गया है। अब दोनों मुख्य अभियंता अपने-अपने क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव का कार्य कर सकेंगे।

उपकेन्द्र रखरखाव के सभी 9 संभागों में 9 नये सहायक अभियंता (उपकेन्द्र निर्माण) के कार्यालय का सृजन किया गया है जो सभी उपकेन्द्र संभागों के अंतर्गत आने वाले उपकेन्द्रों में होने वाले समस्त निर्माण के कार्यो को संपादित करवायेंगे।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में 400 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या क्रमशः बढ़ती जा रही है। अतः इनके बेहतर प्रबंधन एवं समन्वय के लिये एक नया 400 केव्ही वृत (सर्किल) कार्यालय का सृजन किया गया है, जिनके द्वारा सभी 400 केव्ही उपकेन्द्रों के निर्माण, परिचालन, रखरखाव एवं परीक्षण के कार्यो का प्रभावी पर्यवेक्षण (Supervision) किया जा सकेगा।

वर्तमान में उपकेन्द्रों के स्वचालित (ऑटोमेटिक) संचालन हेतु कंट्रोल रूम एवं इसके लिये आवश्यक इन्फ्रास्ट्रेक्चर के निर्माण हेतु नये प्रोजेक्ट का अनुमोदन राज्य विद्युत नियामक आयोग से प्राप्त हो चुका है। इस कार्य को बेहतर रूप से संपादित करने के लिये मुख्य अभियंता (ट्रांसमिशन) के कार्यालय में एक विशेष सेल का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त पावर सेक्टर की सेंट्रल एजेंसी, वेस्टन रीजन लोड डिस्पेच सेंटर, नेशनल लोड डिस्पेच सेंटर तथा केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय आदि के स्तर पर आयोजित होने वाले बैठक, सेमीनार में छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के प्रभावी प्रतिनिधित्व किये जाने का दायित्व भी नये सृजित मुख्य अभियंता (ट्रांसमिशन) कार्यालय को सौंपा गया है।

भिलाई स्थित कर्मशाला संभाग को भी केन्द्रीय प्रणाली में शामिल करने के उद्देश्य से उसे मुख्य अभियंता (ट्रांसमिशन) कार्यालय के साथ सम्बद्ध किया गया है।

हाल ही के वर्षो में बिजली की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए नये उपकेन्द्रों, नई लाईनों के निर्माण एवं रखरखाव का कार्य चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। इन चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना करने के लिये उपरोक्त संगठनात्मक सुधार किये गये हैं।

उम्मीद है कि उपरोक्त किये गये सुधारों के दूरगामी सकारात्मक परिणाम आयेंगे तथा उपरोक्त संगठनात्मक बदलाव (Re-structuring) छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाने में मदद करेगा।

# जनरेशन कंपनी के छह कर्मियों को उत्कृष्टता सम्मान



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी ने गणतंत्र दिवस के मौके पर क्षेत्रीय स्तर पर छह कर्मियों को पुरस्कृत किया। 25 जनवरी को सेवा भवन में आयोजित समारोह में प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने उन्हें प्रमाण-पत्र, पदक व पारितोषिक प्रदान किया। इसमें अधीक्षण अभियंता श्री शशांक ढ़ाबरे, कार्यपालन अभियंता श्री आनंद घिड़ोले, सहायक अभियंता श्रीमती मिति सक्सेना, सहायक अभियंता श्रीमती मेधा पांडेय शर्मा, कार्यालय सहायक-02 श्री अखिलेश साहू, एवं कार्यालय सहायक -02 श्री नरेंद्र देव पंकज को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री आलोक सिंह व श्री सीएल नेताम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कांकेर वृत्त डिपो भण्डार कार्यालय खुला, हर साल बचेंगे 22 लाख



**कांकेर** | एकता नगर स्थित कार्यालय में सहायक अभियंता (डिपो भंडार) के भवन का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक श्री एस.के.ठाकुर ने 01 फरवरी को किया। कांकेर वृत्त के अंतर्गत शुभारंभ किए गए डिपो भण्डार कार्यालय के माध्यम से 12 उपसंभाग एवं 46 वितरण केन्द्रों को सामाग्री आपूर्ति की जा सकेगी। इससे वितरण कंपनी को प्रतिवर्ष लगभग 22.54 लाख रूपये की बचत होगी। उक्त कार्यालय के खुलने से कांकेर, भानुप्रतापपुर, पखांजूर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर संभाग को आसानी से सामग्री उपलब्ध हो सकेगी।

वर्तमान में कांकेर वृत्त के लिए सामाग्रियों की व्यवस्था सामान्यतः क्षेत्रीय भंडार कार्यालय जगदलपुर से की जाती रही है। मैदानी स्तर पर 05 संचारण/संधारण संभाग, 01 एस.टी.एम. संभाग, 02 परियोजना संभाग, 01 सतर्कता संभाग, 12 उपसंभाग एवं 46 वितरण केन्द्र कार्यालय कांकेर वृत्त अंतर्गत सचांलित हो रहे हैं। इन क्षेत्रों में सतत् विद्युत आपूर्ति 33\11 के.व्ही. 60 उपकेन्द्रों सो की जाती हैं, जिसमें 103 पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित हैं। सामाग्री दूरस्थ क्षेत्रीय भण्डार से आहरित किए जाने से कंपनी कर्मचारी एवं नियोजित किराये के वाहन के अतिरिक्त परिचालन से कंपनी को आर्थिक हानि हो रही थी एवं इसके अतिरिक्त सुधार कार्य को पूर्ण किए जाने में अनावश्यक विलंब होता था।

डिपो भण्डार कार्यालय कांकेर के शुभारंभ अवसर पर कांकेर वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री सी.एच.मरकाम, श्री विनय द्विवेदी कार्यपालन अभियंता भण्डार जगदलपुर, श्री बी.एस.राजपूत, श्री एस.पी जैकब, श्री ए.के.ठाकुर, श्री महेश नायक कार्यपालन अभियंता, श्री भूपेन्द्र बिसेन सहायक अभियंता डिपो भण्डार कांकेर एवं वृत्त अंतर्गत कार्यरत अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

# छुरी सब-स्टेशन में 160 एमवीए ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



प्रदेश में आर्थिक विकास को गति देने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लगातार पारेषण प्रणाली विकसित कर रही है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो, इसके लिए क्षमता विस्तार का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरबा के छुरी स्थित 220/132 केवी एक्ट्रा हाई वोल्ट उपकेंद्र (ईएचवी सब-स्टेशन) में 160 एमवीए (मेगावोल्ट एंपीयर) का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया।

9.27 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित इस ट्रांसफार्मर को ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने पूजा-अर्चना कर ऊर्जीकृत किया। ट्रांसमिशन कंपनी प्रदेश में पारेषण क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। इसके लिए पूंजी निवेश योजना के तहत 220/132 केवी ईएचवी सब-स्टेशन में ट्रांसफार्मर की क्षमता 160 एमवीए बढ़ाई गई है, अब बढ़कर इस उपकेंद्र की क्षमता 320 एमवीए हो गई है। इससे कोरबा क्षेत्र के 134 से अधिक गांवों मे गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। साथ ही छह जिलों में विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा।

इसके अलावा एसईसीएल के गेवरा, कुसमुंडा और विश्रामपुर ,सरगुजा क्षेत्र में भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति में मदद मिलेगी। इससे इस क्षेत्र के बढ़ती हुई विद्युत मांग की आपूर्ति सुगमता से की जा सकेगी। साथ ही आपात परिस्थिति में एक ट्रांसफार्मर फेल होने पर भी विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रह सकेगी। लोड बढ़ने पर दोनों ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति होगी, जिससे लो-वोल्टेज की समस्या नहीं रहेगी।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता (सी एंड एलएम)श्री केके भगत, मुख्य अभियंता (सिविल) श्री केएस रामाकृष्णा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री अविनाश सोनेकर, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री सीएम बाजपेयी, डीएस पटेल, श्री सिदार, कार्यपालन अभियंता श्री आईके साय, नवीन केरकेट्टा, बीबी नेताम, अजय कंवर, एससी भगत, सहायक अभियंता सर्वश्री तामेश्वर सिंह, प्रदीप इंदवीर, तपनकांत नेताम, विजय पात्रे सहित भेल से श्री सुनील पाटिल एवं श्रीमती अदिति श्रीवास्तव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## एमडी श्री कटियार ने मड़वा संयंत्र का लिया जायजा

**मड़वा** | छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने 16 फरवरी को अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा का जायजा लिया। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को मार्च तक विद्युत संयंत्र की दोनों इकाइयों को पूरी क्षमता के साथ चलाते हुए 1000 मेगावॉट विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य दिया है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा, कार्यपालक निदेशक (एसएंडपी) अरूण वर्मा, मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट) एचएन कोसरिया, मुख्य अभियंता (सिविल प्रोजेक्ट) एमआर बागड़े, कार्यपालन अभियंता आनंद घिलोड़े भी उपस्थित रहे। उन्होंने सबसे पहले प्रशासनिक भवन पहुंचकर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मार्च तक प्रशासनिक भवन में कार्यालयीन कामकाज शुरू करें। इसके बाद उन्होंने ऐश हैंडलिंग प्लांट, कोल हैंडलिंग प्लांट समेत, स्टोर यार्ड का निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने तकनीकी सामानों की आपूर्ति एवं उपयोग के बारे में विशेष निर्देश दिए।



## पेंड्रा व तखतपुर में सीई ने ली बैठक

**बिलासपुर** | क्षेत्रीय मुख्य अभियंता श्री जी. आनंद राव ने पेंड्रारोड, कटघोरा और तखतपुर में मीटर रिप्लेसमेन्ट की प्रगति, ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट, फेल ट्रांसफार्मरों की मरम्मत, नवीन कनेक्शन प्रदान करने, विद्युत चोरी की सघन जांच कर प्रकरण तैयार करने एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर बैठक ली। उन्होने संबधित 33/11 के.व्ही. लाइनों के तकनीकी व्यवधानों पर चर्चा करते हुए निदान के उपाय सुझाए तथा सतत् विद्युत व्यवस्था बनायें रखने के लिए सभी मैदानी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में अति.मुख्य अभियंता श्री पी.के.कश्यप, अधीक्षण अभियंता श्री पी.के.कोमेजवार, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.सोनवानी तथा क्षेत्र के सभी सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

# स्मार्ट बिजली मीटर से उपभोक्ताओं को मिलेगी बेहतर सुविधा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के प्रदेश में स्मार्ट मीटरिंग की दिशा में पॉवर कंपनी तेजी से काम कर रही है। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) दुर्गापुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 01-03 फरवरी तक गुढ़ियारी में किया गया। इसका उद्घाटन अभियंता (परियोजना) श्री राजेन्द्र प्रसाद ने किया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा इस दौरान स्मार्ट बिजली मीटरों की स्थापना तथा उससे जुड़ी अधोसंचरनाओं के समन्वय के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उप संचालक डॉ सी भट्टाचार्य एवं मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) श्री डी एस भगत ने बताया कि आरडीएसएस योजना का देशभर में वितरण हानि कम करने तथा उपभोक्ताओं के हित में बिजली मीटरिंग व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने का लक्ष्य है। एनपीटीआई द्वारा रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत देशभर की वितरण कंपनी से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# सुरक्षित कार्यप्रणाली के लिए लाइनमेन को मिला तकनीकी प्रशिक्षण




**अंबिकापुर।** क्षेत्र के लाइनमेन के लिए तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र अम्बिकापुर में 18 जनवरी को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री एपी सिंह ने कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग, जीवन की महत्ता, सुरक्षित कार्यप्रणाली के साथ कर्तव्य निर्वहन के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री आरके मिश्रा, ईई श्री एल आर देवांगन (रायपुर), एई श्रीमती रश्मि तिर्की, प्रशासनिक अधिकारी श्री महेंद्र कुमार तिवारी, श्री यतीन्द्र गुप्ता (प्रशिक्षक) तथा बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर, पेंड्रा, सरगुजा, सारंगढ़, कोरबा के विद्युत कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेंगाडबरी विद्युत वितरण केंद्र का शुभारंभ



**दुर्ग।** बालोद संभाग अंतर्गत ग्राम रेंगाडबरी विद्युत वितरण केन्द्र का महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने 25 जनवरी को शुभारंभ किया।

नये वितरण केंद्र के शुभारंभ हो जाने से 47 ग्रामों के 7640 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी, उन्हें किसी भी समस्या के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने बताया कि अब क्षेत्र में विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण त्वरित गति से हो सकेगा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य डौण्डीलोहारा श्री हेमकुमार रावटे, ग्राम पंचायत रेंगाडबरी सरपंच के श्री इन्द्रपाल तुमरेकी श्री गोपाल प्रजापति समेत अधीक्षण अभियंता श्री सलील कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता श्री टी.एल. सहारे, सहायक अभियंता आर.के. साहू, एच.के.हिरवानी तथा कनिष्ठ अभियंता श्री ओमप्रकाश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# गंडई और चौकी में सुरक्षा पर सेमीनार



**राजनांदगांव** | सुरक्षा उपायों को लेकर मोहला संभाग के अन्तर्गत चौकी वितरण केन्द्र एवं गंडई उपसंभाग कार्यालय में सुरक्षा सेमीनार एवं सेफ्टी परेड का आयोजन किया गया। सेमीनार में लाइनकर्मियों को सतत विद्युत व्यवस्था के मद्देनजर अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षित ढंग से कार्य करने के टिप्स दिए गए। अधीक्षण अभियंता एवं प्रभारी सुरक्षा अधिकारी (सेफ्टी ऑफिसर) श्री रंजीत घोष द्वारा तकनीकी कर्मचारियों को प्रदाय किये गये सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई एवं लाइनकर्मियों को बताया गया कि लाइन में कार्य करते समय कर्मियों को हमेशा अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। थोड़ी सी चूक या लापरवाही खतरनाक हो सकती है। इस दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा अपने सुरक्षा संबंधी अनुभव एवं चुनौतियों को भी साझा किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता सुश्री किरण जांगड़े, कनिष्ठ अभियंता श्री हरिप्रसाद जंघेल, श्री भरथरी कुर्रे, श्री एनके शुक्ला उपस्थित रहे।

# पॉवर कंपनी से ईडी श्री श्रीवास एवं श्री श्रीधर की भावभीनी विदाई





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी से सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री आर.के.श्रीवास एवं मुख्य अभियंता(परियोजना) श्री हेमंत श्रीधर को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती उज्वला बघेल, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री मनोज खरे, जनरेशन कंपनी के एमडी श्री एस.के.कटियार ने उन्हें सेवा प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त ईडी श्री श्रीवास, सीई श्री श्रीधर ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रबंध निदेशकों ने सेवानिवृत्त अभियंताओं की सेवाओं को प्रदेश के विद्युत विकास के लिए महत्वपूर्ण निरूपित करते हुए उनके द्वारा विद्युत मंडल एवं कंपनी में किये गये योगदान की सराहना की तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन श्री गोविन्द पटेल ने किया।

## ईडी श्री संदीप गुप्ता को विदाई



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (संचारण-संधारण) बिलासपुर श्री संदीप गुप्ता एवं अधीक्षण अभियंता (भंडार एवं क्रय) श्री ए.आर. बुनकर को सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई।

ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती उज्वला बघेल ने उन्हें सेवा प्रमाण-पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया। श्रीमती बघेल ने कहा कि इस अवसर पर सेवानिवृत्त ईडी श्री श्रीवास, सीई श्री श्रीधर ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने किया।

## मुख्य अभियता को दी गई विदाई



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता (सिविल) श्री डी.के. कान्त एवं ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री डी.के.दवे को सेवानिवृत्त उपरान्त कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती उज्वला बघेल, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री मनोज खरे, जनरेशन कंपनी के एमडी श्री एस.के.कटियार ने उन्हें सेवा प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त सीई श्री कान्त एवं सीई श्री दवे ने अपने कार्य अनुभव सुनाए। प्रबंध निदेशकों ने उनके उज्वल एवं सुखमय भविष्य की कामना की।

## कोरबा पूर्व में दी गई विदाई




**कोरबा पूर्व** | प्रशिक्षण संस्थान सभागार में आयोजित दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में तीन कर्मियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) एवं श्री शैलेन्द्र कुमार शर्मा मुख्य अभियंता (उत्पादन) ने उन्हें सम्मानित किया। सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री संत कुमार श्रीवास, बालकृष्नैय्या एवं श्रीमती कचरा बाई भृत्य का उनके परिजनो तथा सहकर्मियों के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन अतुल कुमार तिर्की अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) ने किया एवं संचालन श्री सुरेश सोनी वरि.मानचित्रकार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कन्हैया लाल कैवर्त एवं हरिचरण श्रीवास, मोहन साहू,मंगलू राम का सहयोग सराहनीय रहा।

# निष्ठा तन्मयता के साथ कार्य करने पर मिलती है सफलता

छतीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के संचार एवं टेलीमेटरी (सीएंडटीएम) भिलाई में पदस्थ मुख्य अभियंता श्री कमल किशोर भौरासे का जन्म 09 मई 1962 को मध्यप्रदेश के बैतूल में हुआ। आपके पिता का नाम स्व. श्री तेजी लाल भौरासे एवं माता का नाम स्व. श्रीमती कौशल्या देवी है। आपका बचपन काफी संघर्षपूर्ण एवं कष्टप्रद रहा। लगभग दो वर्ष की अबोध उम्र में पिता श्री का दुखद निधन हो जाने के उपरांत बड़ी बहन एवं पूज्य माताजी की कठिन तपस्या के फलस्वरूप आपने अपनी शिक्षा-दीक्षा पूरी की। आपने बैतूल के शासकीय स्कूल से 1978 में हायर सेकंडरी की परीक्षा प्रथम श्रेणी में विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की। इसके पश्चात् आपने जबलपुर के शासकीय इंजीनियरिंग कालेज से 1983 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की उपाधि प्रथम श्रेणी में हासिल की। शिक्षा पूरी होने के उपरांत 1984 से 1986 तक आपने शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज खिरसाडोह (छिंदवाड़ा) में अध्यापन कार्य किया।

इसी दौरान आपका चयन भारतीय संचार निगम में जूनियर टेलीकाम एक्जिक्यूटिव एवं मध्य प्रदेश, लोक सेवा आयोग द्वारा व्याख्याता (विद्युत) एवं सहायक विद्युत निरीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर हुआ, किन्तु आपने अपना करियर मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में चुना। आपने 22 जनवरी 1987 को संचारण एवं संधारण संभाग इटारसी से स्नातक प्रशिक्षु के रूप में अपनी सेवायात्रा आरंभ की। 22 जनवरी 1988 से सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त कर डोंगरगढ़ के चौकी उपसंभाग में पदस्थ किया गया। इसके उपरांत आपने लगभग तीन वर्षों तक संचा. एवं संधा0 संभाग, पांडूरना (छिंदवाड़ा) में पदस्थ रहे। वर्ष 1991 में आपको सहायक अभियंता के तौर पर ग्रामीण विद्युत सहकारी समिति मुलताई (बैतूल) में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया। आरईसी ने समिति को लोन देने के लिये 500 विद्युत पंप कनेक्शन एवं 2000 घरेलू कनेक्शनों का कठिन एवं असंभव सा लक्ष्य दे दिया एवं शर्त रख दी कि लक्ष्य पूरा ना होने पर लोन नहीं दिया जायेगा, वित्तीय वर्ष समाप्त होने को मात्र तीन माह बचे थे एवं कनेक्शनों की प्रगति नाम मात्र की थी ऐसी विषम परिस्थितियों में सघन मैदानी दौरे करते हुये असंभव लक्ष्य को मात्र तीन महीनों में पूरा कर समिति को लोन दिलाया जिससे समिति को जीवनदान मिल सका। तीन वर्ष पश्चात् आप मूल विभाग में लौटे और आपकी पदस्थापना एमटीआरयू भिलाई में की गई। आपने छिंदवाड़ा के सौसर, राज्य गठन के उपरांत मुख्य अभियंता (संचारण एवं संधारण तथा वाणिज्य) रायपुर एवं कर्मशाला संभाग भिलाई में कार्य किया। आपको प्रथम पदोन्नति 2006 में कार्यपालन अभियंता के रूप में मिली और आप इस पद पर मुख्य अभियंता (पारेषण) कार्यालय रायपुर एवं कर्मशाला भिलाई में पदस्थ रहे। ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के अलग अलग होने से कर्मशाला भिलाई द्वारा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को लंबे समय से फेब्रीकेटेड लाईन सामग्री नहीं दी जा रही थी जिससे पूरे परिसर के शेड एवं ओपन यार्ड भरे पड़े थे। इस बाबत् अथक प्रयास कर अकांउटिंग एवं इश्यू समस्याओं का निराकरण कर जीरो इन्वेन्ट्री की गई। इसी प्रकार कर्मशाला संभाग भिलाई में कई सालों से एक्साइज विभाग के साथ सुप्रीम कोर्ट/एक्साइज ट्रिब्यूनल में चल रहे विवाद जिसमें मार्च 2014 में एक्साइज विभाग द्वारा दबिश देकर कर्मशाला परिसर में ताला बंदी की जा रही थी को अथक प्रयास कर मात्र 02 दिनों में कंपनी मुख्यालय से लगभग 1.5 करोड़ की राशि प्राप्त कर एक्साइज विभाग में जमा कर टाला गया। तदुपरांत एक्साइज मैटर पर विशेष प्रयास कर वर्षों से सेंट्रल एक्साइज ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली में चल रहे लगभग सभी 16 प्रकरणों में कंपनी के पक्ष में निपटारा कराया जिससे कालांतर में कंपनी को ब्याज सहित लगभग 11 करोड़ रूपये का रिफंड प्राप्त हुआ एवं कर्मशाला संभाग एक्साइज लाइसेंस से मुक्त हो सका। जुलाई 2016 में आपको अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई, आप इस पद पर मुख्यालय रायपुर में प्रोजेक्ट एवं प्रोक्योरमेंट कार्यालय एवं अतिउच्च दाब निर्माण एवं संधारण कार्यालय में कार्य किया। अप्रैल 2020 में आपको अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नत मानव संसाधन विभाग का दायित्व दिया गया। जुलाई 2022 में होल्डिंग कंपनी के ट्रांसमिशन कंपनी में विलय होने पर आपको मानव संसाधन के महाप्रबंधक की जिम्मेदारी दी गई। 19 अक्टूबर 2022 से आप मुख्य अभियंता (संचार एवं टेलीमीटरी) भिलाई की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

आपकी पत्नी श्रीमती ज्योति भौरासे समाजशास्त्र में पीजी हैं, वे वर्तमान में इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय में संगीत (गायन) में स्नातक कर रही हैं। आपकी सुपुत्री आकांक्षा ने इलेक्ट्रानिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन में बीई और निरमा यूनिवर्सिटी अहमदाबाद से एमटेक किया है एवं वर्तमान में घर से व्यवसायरत हैं। आपके दामाद सौरभ बीई और एमबीए है, वे सोनी कंपनी में , इंदौर में मध्यप्रदेश हेड हैं। आपके सुपुत्र अभिनव मेकैनिकल से बीटेक कर निकमार पूणे से प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। वर्तमान में अहमदाबाद स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनी में सेवारत हैं। आप संगीत सुनने के साथ सामाजिक कार्य, धार्मिक, पर्यटन एवं रमणीय महत्व के स्थानों का दर्शन, भ्रमण और हाकी, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस खेलना, गार्डिनिंग आदि में रूचि लेते हैं। आपका मानना है कि कर्म पूरी निष्ठा और तन्मयता के साथ करते रहना चाहिए, जिसका परिणाम आपके जीवन में प्रगति के रूप में दिखाई देता ही है। आपकी सेवायात्रा में सरल स्वभाव एवं मजबूत इरादों की धनी जीवन संगिनी ज्योति जी का कदम-कदम पर भरपूर साथ एवं सहयोग मिला जिसके परिणाम स्वरूप ही कर्तव्य पथ पर यह यात्रा पूर्ण हो सकी।

**श्री के.के भौरासे**
**(मुख्य अभियन्ता सीएंडटीएम भिलाई )**
CSPTCL



## मुख्यालय परिसर में 3 नये शेड के निर्माण हेतु भूमिपूजन



पॉवर कंपनी मुख्यालय डगनिया रायपुर परिसर में तीन नए शेड का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 28 फरवरी को श्रीमती उज्जवला बघेल प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) एवं श्री एस. के. कटियार प्रबंध निदेशक (उत्पादन) ने भूमिपूजन किया। इन शेड में सेवाभवन के कुछ कार्यालयों को संचालित किया जाएगा। जनरेशन कंपनी के इन कार्यालयों के लिए नए भवन निर्माण कराये जा रहे हैं। इस अवसर पर पॉवर कंपनी के कार्यपालक निदेशक (सिविल) श्री एम.आर. बागड़े, मुख्य अभियंता (सिविल) श्री के. एस. रामाकृष्णा, श्री क्रांति कुमार महोबे, श्री विमल मिश्रा, श्री देवेन्द्र नाथ तथा सिविल परिवार के अति. मुख्य अभियंता श्री मुस्ताक अहमद, अधीक्षण अभियंता श्री युवराज देवांगन, श्री सुनील किल्लेदार एवं रवि परमानंद, श्री अनिल शर्मा कार्यपालन अभियंता (सिविल) एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय कार्यालयों में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

पॉवर कंपनी के सभी कार्यालयों में 75वें गणतंत्र दिवस पर कार्यालय प्रमुखों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराया और संविधान निर्माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय कार्यालयों में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को स्थानीय स्तर पर पुरस्कृत भी किया गया।



**बिलासपुर**| क्षेत्रीय मुख्यालय तिफरा में मुख्य अभियंता श्री जी.आनंद राव ने तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्री अशोक कुमार डोडेजा, कार्या. सहा. श्रेणी-एक, अक्षय देशमुख परि. श्रेणी-एक , नन्द कुमार यादव सहा. श्रेणी-एक, श्याम लाल दीवान लाइन सहायको, शिवहरण लाल वर्मा, अनुभाग अधिकारी, किशोर कौशिक को पदक प्रदान किया गया।

**राजनांदगांव** | मुख्य अभियंता श्री टीके मेश्राम ने ध्वज फहराया। उल्लेखनीय कार्य करने वाले सर्वश्री दीपक कुमार लसेर, सचिन खोब्रागढ़े, जी. वेंकट त्रिनाद राव, मिन्टू साहू, गजाधर पटेल एवं राहुल कुमार ठाकुर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसई श्री रंजीत कुमार घोष, एसके शर्मा, एसके चन्द्राकर उपस्थित थे।





**कोरबा पूर्व** | डीएसपीएम संयंत्र में कार्यपालक निदेशक श्री बीडी बघेल ने झंडा फहराया। इस अवसर पर स्थानीय स्तर पर 39 अधिकारी-कर्मचारियों, 41 ठेका कर्मियों और विभागीय तौर पर 14 समूहों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इसमें सर्वश्री चंचल पैकरा, श्रीमती अंजना कुजूर, राजेश्वरी रावत, बीपी पाटले उपस्थित थे।

**अंबिकापुर**| डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अंबिकापुर क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यपालक निदेशक श्री एपी सिंह ने तिरंगा फहराया। उन्होंने अध्यक्ष महोदय के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर छह कर्मियों को उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





**दुर्ग** |क्षेत्रीय मुख्यालय में मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वश्री अनुराग नायक, आरिफ अली, प्रभात कुमार लोधी, जागेश कुमार, मेघनाथ वर्मा एवं दीपक कुमार पसीने को रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खेल स्पर्धाओं के साथ मना गणतंत्र पर्व



**जगदलपुर** |क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यपालक निदेशक श्री एसके ठाकुर ने तिरंगा फहराया। क्षेत्रीय मुख्यालय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीरबल ध्रुव, पदम सिंह नेताम, रमेश कुमार, हिंमाशु राठौर, मनेलाल मरकाम एवं दिलीप कुमार नाग को प्रशस्ति पत्र, नगद राशि एवं मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कर्मचारियों ने इसमें उत्साह के साथ भाग लिया।

## गुढ़ियारी में ईडी ने फहराया तिरंगा




**रायपुर**|गुढ़ियारी प्रांगण में कार्यपालक निदेशक श्री जे.एस. नेताम ने तिरंगा फहराया। मुख्य अभियंता श्री संदीप कुमार वर्मा ने अध्यक्ष महोदय के संदेश का वाचन किया। इसमें भागवत दास, नारद यादव, परमेश्वर साहू, शेष नारायण भारती, प्रदीप भोसले, रामबली, मोरध्वज जायसवाल, आशुलाल नेताम, सनत कुमार साहू, कुमारी पंखिड़ा पाण्डेय, हितेश्वरी, नारायण नेताम को सम्मानित किया गया।

## शहीदों को नमन कर लहराया तिरंगा



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र में कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने राष्ट्र ध्वज फहराया। उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर सहायक अभियंता रमेश खांडे एवं लेखाधिकारी विकास जैन एवं संयंत्र के 32 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयकृपाल यादव द्वारा देशप्रेम की कविता सुनाई गईं। समारोह में एसीई राजाबाबू कोसरे, आलोक लकरा, आरजी देवांगन, रामजी सिंह, आरके तिवारी उपस्थित थे।

## 108 कर्मियों का हुआ सम्मान

**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह में मुख्य अभियंता श्री के.के.डोंगरे ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली। इसमें श्री जगत राम वर्मा, श्री ओ.पी रात्रे, श्री जी.पी. पनरिया, श्री शशांक कुमार कर्महे, श्री संतराम भारिया, तथा स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 108 अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका श्रमिकों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री एस.एस.कंवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिकारीगण उपस्थित थे।



## 60 उत्कृष्ट कर्मियों को किया गया सम्मानित



**कोरबा पूर्व** |ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में मुख्य अभियंता (उत्पादन) श्री रजनीश जांगड़े ने ध्वज फहराया। मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव ने अध्यक्ष महोदय के भाषण का वाचन किया। इस अवसर पर 60 कर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। संचालन रिंकी राठौर व रजनी मंडावी ने किया। आभार प्रदर्शन एसई श्री एएस मरावी ने किया।

# एसीएमओ डॉ. अल्का गोले को भावभीनी विदाई



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी से अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अल्का गोले को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के पश्चात् भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्री अशोक कुमार वर्मा ने उन्हें सेवा प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एच. एल.पंचारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विनोद अग्रवाल,अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विवेक गोले एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. निलेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने किया।

## एसीई दुर्गे सहित 8 कर्मियों को विदाई



**कोरबा पश्चिम** |हसदेव ताप विद्युत गृह में जनवरी में सेवानिवृत्त आठ कर्मियों को प्रभारी मुख्य अभियंता श्री के.के.डोगरे ने सम्मानित किया। सेवानिवृत्त सर्वश्री एसीई पी.के.दुर्गे, ईई रमेश श्रीवास्तव, मुकेश कुमार वर्मा, हेमलाल साहू, महेंद्र पुरी गोस्वामी, रूद्र शेखर सिंह, राजेन्द्र कुमार टोप्पो, हनुमान प्रसाद सराफ को समारोह में विदाई दी गई।

## डीएसपीएम में विदाई समारोह




**कोरबा पूर्व** | डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के मदन मोहन सोनी, एमिल कुजूर एवं प्रदीप खण्डालकर संयंत्र से जनवरी में सेवानिवृत्त हुए। कार्यपालक निदेशक श्री बी.डी. बघेल ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अति.मुख्य अभियंता सर्वश्री चंचल पैकरा, राजेश्वरी रावत, भुवनेश्वर पाटले, शैलेन्द्र शर्मा उपस्थित थे।

## एसई श्री पंचेश्वर को भावपूर्ण विदाई



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह से जनवरी में अधीक्षण अभियंता रामप्रसाद पंचेश्वर को भावभीनी विदाई दी गई।कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने श्री पंचेश्वर को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया

## सेवानिवृत्ति पर हुआ सम्मान




**कोरबा पूर्व** | कोरबा ताप विद्युत गृह से जनवरी में कार्यालय सहायक श्री संजय कुमार शुक्ला सेवानिवृत्त हुये।सम्मान समारोह में मुख्यअभियंता श्री रजनीश जांगड़े ने उन्हें सम्मानित कर उनके सुखमय जीवन की कामना की।

## श्रीमती प्रभा मंथा को दी गई विदाई



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के गुढ़ियारी क्षेत्रीय लेखा अधिकारी कार्यालय-02 में पदस्थ लेखाधिकारी श्रीमती प्रभा मंथा को सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई दी गई। लेखाधिकारी श्रीमती चांदनी दुबे एवं अन्य स्टॉफ ने उन्हें भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## श्री गुप्ता को दी गई भावभीनी विदाई



**बिलासपुर** | कार्यपालक निदेशक श्री संदीप गुप्ता को 31 जनवरी 2023 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर कार्यालय कार्यपालक निदेशक (उप-केन्द्रःसंचारण/संधारण) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी, बिलासपुर से भावभीनी विदाई दी गई।

# सुनियोजित कार्य से होती है प्रगति की राह आसान

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में अंबिकापुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक के पद पर पदस्थ श्री अखण्ड प्रताप सिंह का जन्म 01 जुलाई 1961 को मध्य प्रदेश के रीवा जिले के ग्राम हिनौता में हुआ।

आप चार भाई एवं एक बहन में सबसे छोटे हैं, आपको माता श्रीमती फूलकंवर सिंह से मृदुभाषी और व्यवहारकुशलता का संस्कार मिला तथा पिता श्री रामकृपाल सिंह से कोई कार्य छोटा-बड़ा नहीं होता है, हर कार्य उत्साह पूर्वक पूरी क्षमता से करने का मंत्र मिला। आपकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा गृहग्राम में ही हुई, बचपन से ही आपकी अभिरूचि अध्ययन में रही है। आपने इंजीनियरिंग का अध्ययन करने के लिए रीवा के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा में प्रवेश लिया। वर्ष 1982 में आपने इलेक्ट्रिकल ब्रांच से बीई की उपाधि हासिल की।

आपने रीवा इंजीनियरिंग कालेज रीवा एवं शासकीय पालिटेक्निक नवगाँव में अध्यापन का कार्य किया। आपको मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में 23 जुलाई 1984 को बतौर ग्रेजुएट अप्रेंटिस नियुक्ति दी गई। सहायक अभियंता के रूप में आपको बैकुण्ठपुर, प्रतापपुर एवं मनेन्द्रगढ़ में कार्य करने का अवसर मिला।

वर्ष 2002 में आपको पहली पदोन्नति कार्यपालन अभियंता के रूप में मिली। आपने इस दौरान मनेन्द्रगढ़, अंबिकापुर, पेण्ड्रा रोड, कोरबा एवं राजनांदगांव (संचालन एवं संधारण संभाग) में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2011 में आपको अधीक्षण अभियंता की जिम्मेदारी दी गई और आपकी पदस्थापना कोरबा में की गई। इसके पश्चात् आपको रायपुर मुख्यालय में कार्यपालक निदेशक कार्यालय (संचालन एवं संधारण) में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ।

आपकी बेहतर कार्यकुशलता को देखते

**श्री ए.पी. सिंह**
**(कार्यपालक निदेशक अंबिकापुर)**
**CSPDCL**



हुए प्रबंधन ने आपको वर्ष 2018 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्रदान की। इस दौरान आपने रायगढ़, रायपुर (शहर) और बिलासपुर में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2020 में आपको मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति दी गई और आपको मुख्य अभियंता (संचालन-संधारण) की जिम्मेदारी दी गई।

तत्पश्चात् आपको मुख्य अभियंता (परियोजना) का भी नेतृत्व करने का अवसर मिला। आपकी निष्ठा, परिश्रम और बेहतर कार्यशैली को देखते हुए कंपनी ने कार्यपालक निदेशक के शीर्ष पद पर नियुक्ति प्रदान की। आपको इस दौरान क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ की जिम्मेदारी प्रदान की गई। वर्तमान में आप क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर में कार्यपालक निदेशक हैं।

आपके द्वारा बैकुण्ठपुर में सहायक यंत्री के पद पर रहते हुए भरतपुर विकास खण्ड (चाँग भखार) के दुर्गम क्षेत्रों में स्थित ग्रामों के विद्युतीकरण का कार्य सफलता पूर्वक किया गया जिससे क्षेत्र में आपकी विशिष्ट कार्यशैली को पहचान मिली। आपके द्वारा विभिन्न पदस्थापनाओं के दौरान विद्युत लाइनों के निर्माण, संधारण एवं उपभोक्ता संतुष्टि के विशेष उल्लेखनीय कार्यों के लिए वर्ष 2008 में मानव विज्ञान एवं सेवा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय अभियंता अलंकरण समारोह में ''अभियंता-रत्न '' के सम्मान से अलंकृत किया गया।

आपका मानना है कि कोई भी कार्य को करने से पूर्व सुनियोजित कार्य योजना बनाना, टीम में कार्य विभजित करना व कार्य का आकलन करने से ही कार्य में निरंत विकास होता है। आप कर्मपथ पर अपने मूल सिद्धांतों पर चलते हुये अच्छा प्रदर्शन करते रहे। आपकी सेवायात्रा में आपकी धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला देवी सिंह का भरपुर सहयोग मिला। आपके परिवार में दो पुत्र अभिषेक सिंह व अभिजीत सिंह हैं।

## हसदेव में एयर वॉशर की स्थापना

**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह के ईकाई क्रमांक एक (500 मेगावॉट) संयंत्र में एयर वॉशर प्लांट की स्थापना की गई है। प्लांट का उद्घाटन प्रबंध निदेशक श्री एस.के कटियार द्वारा किया गया। कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता श्री के.के. डोंगरे भी मौजूद थे। एयर वॉशर की स्थापना का कार्य तत्कालीन कार्यपालक निदेशक एवं वर्तमान प्रबंध निदेशक श्री एस.के कटियार के निर्देशन में प्रारंभ हुआ था। संयंत्र की स्थापना से प्लांट में स्थापित उपकरणों तथा कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, विशेष रूप से गर्मी के समय जब टरबाइन हॉल का तापमान बहुत ज्यादा बढ़ने के समय तापमान कम रहने से सभी उपकरणों की क्षमता तथा आयु में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।



## कोड़ेकुर्से में बना नया उपकेन्द्र

**जगदलपुर** | माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर वनांचल क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी नए उपकेंद्र के साथ फीडर को छोटा कर रही है। इसी कड़ी में कोड़ेकुर्से में 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र का 23 जनवरी को कार्यपालक निदेशक श्री एसके ठाकुर ने स्वीच ऑन कर ऊर्जीकृत किया। उक्त उपकेन्द्र के क्रियाशील होने से 19 गांव की विद्युत आपूर्ति सुदृढ हुई है और लगभग तीन हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। पूर्व में उक्त ग्रामों की विद्युत आपूर्ति दुर्ग कोंदल उपकेन्द्र से किया जा रहा था। विद्युत लाईन की लंबाई एवं विद्युत व्यवधान अधिक होने के कारण कोड़ेकुर्से में विद्युत उपकेन्द्र की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पॉवर कंपनी द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर नया उपकेन्द्र क्रियाशील किया गया। इस अवसर पर कांकेर वृत्त के अधीक्षण अभियंता चन्द्रहास



मरकाम, कार्यपालन यंत्री महेश नायक, दीपक कुमार, एसपी जैकब सहायक यंत्री चांदनी मंडावी, उत्तम यदु, कनिष्ठ यंत्री जितेन्द्र देहारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# परिश्रम और योजनाबद्ध कार्य ही उन्नति का मूलमंत्र

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (ईंधन प्रबंधन) के पद पर कार्यरत् श्री प्रद्युम्न पांडे का जन्म 1 अप्रैल 1961 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ। पिता श्री गुणवन्त कृष्ण पांडे तथा माता श्रीमती शकुन्तला पांडे से बचपन में मिले संस्कार के बूते आपने जीवन में अनेक उपलब्धियां हासिल की। आपकी प्रारंभिक शिक्षा मध्यप्रदेश में हुई। आपने 1977 में हायर सेकंडरी की परीक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट से उत्तीर्ण की। इसके पश्चात् आप उच्च अध्ययन के लिए रायपुर आ गए और शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रायपुर से आपने 1982 में स्नातक की उपाधि हासिल की।

शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् आपको मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में प्रशिक्षु के तौर पर प्रथम नियुक्ति 1983 में प्रदान की गई। एक वर्ष की सफलतापूर्वक ट्रेनिंग अवधि के पश्चात् 1984 में हसदेव ताप विद्युतगृह कोरबा पश्चिम में सहायक अभियंता के पद पर आपकी नियमित पदस्थापना की गई। यहां आपनी लंबे समय तक सेवाएं दीं। आपको प्रथम पदोन्नति कार्यपालन अभियन्ता के पद पर 2001 में प्रदान की गई।

आपकी पदस्थापना राज्य भार प्रेषण केंद्र भिलाई में की गई। इसके पश्चात् आपको छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल मुख्यालय में पदस्थ किया गया। नौ वर्ष की सेवा के उपरान्त आपको व्दितीय पदोन्नति अधीक्षण अभियंता के रूप में 2010 में दी गई। वर्ष 2015 में आपकी पदस्थापना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा में की गई। इस पद पर आपने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के मुख्यालय एवं कोरबा में भी अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2019 में आपको अतिरिक्त मुख्य अभियंता पदोन्नत करते हुए जनरेशन कंपनी के मानव संसाधन में पदस्थ किया गया। तत्पश्चात् आपको होल्डिंग कंपनी के एजीएम



**श्री प्रद्युम्न पांडे**
**कार्यपालक निदेशक**
**(फ्यूल मैनेजमेंट)**
CSPGCL

एचआर की जिम्मेदारी भी प्रदान की गई। कंपनी प्रबंधन ने 30 मई 2022 आपको शीर्ष पद मुख्य अभियंता की जिम्मेदारी प्रदान की और आपकी जनरेशन कंपनी के ईंधन प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई।

15 फरवरी 2023 को आपको प्रबंधन ने कार्यपालक निदेशक की महती जिम्मेदारी प्रदान की। वैसे तो आपको आपकी सेवाअवधि के दौरान अनेक चुनौतियों और समस्याओं का सामना करना पड़ा, आपने कुशलता से उनका उचित निराकरण करते हुए कंपनी प्रबंधन के हित में कार्य किया। जनरेशन कंपनी में एक वर्ष के रिकार्ड समय में बाह्य कोयला स्थानांतरण संयंत्र के विद्युत उत्पादन कार्य को पूर्ण संचालन में लाने को आप बड़ी उपलब्धि मानते हैं। साथ ही अविभाजित मध्यप्रदेश में मेसर्स सीमेन्स लिमिटेड व्दारा अधूरे छोड़े गए कार्य को आपने तत्परता से पूर्ण करवाया, जिसके लिए 1991 में 26 जनवरी के अवसर पर आपको चेयरमेन के हाथों पुरस्कृत किया गया। 2001 में 30 जुलाई को संपूर्ण पश्चिमी ग्रिड फेल होने पर उसे बिना स्काडा सिस्टम के पुनः संचालन में लाने के लिए आपके व्दारा विशेष योगदान दिया गया। आपने सभी पांचों कंपनियों में ई-निविदा प्रक्रिया को प्रारंभ किया, जिसके लिये आपको 15 अगस्त 2012 को चेयरमेन व्दारा पुरस्कृत किया गया।

सेवा के दौरान आपको आपके परिवार का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। आपकी पत्नी श्रीमती विभा पांडे गृह विज्ञान से एमएससी हैं। आपकी सुपुत्री कौमुदी टिकेकर इलेक्ट्रानिक्स में एमटेक के पश्चात् बंगलूरू में सैमसंग कंपनी में सीनियर इंजीनियर हैं। आपका बेटा आदित्य पांडे बीआईटीएस पिलानी से एम-टेक सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करके बंगलूरू डब्ल्यूपीएस कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड में डिजाइन इंजीनियर के पद पर कार्यरत् हैं। आप कंपनी एवं स्वयं के हित में कठोर परिश्रम और योजनाबद्ध कार्य ही एकमात्र उन्नति एवं गतिशीलता का मूलमंत्र मानते हैं

## 12 गांवों में समस्या निवारण शिविर



**राजनांदगांव** | उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित कराने के लिए विद्युत समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में घुमका, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहला, वासड़ी, अम्बागढ़ चौकी, बांधाबाजार, कुमरदा, कौड़ीकसा, अर्जुनी, टेड़ेसरा एवं सोनेसरार गाँव में विद्युत समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में हॉफ बिजली बिल योजना, कृषक जीवन ज्योति योजना एवं मोर बिजली ऐप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा सभी उपभोक्ताओं को बिजली बचत एवं बिजली दुर्घटनाओं से बचने के उपायों की भी जानकारी दी गई। सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए।

## श्री गडकरी ने किया शोधग्रंथ का विमोचन



**कोरबा पूर्व** | केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग विकास मंत्री श्री नितीन गडकरी ने डॉ संगीता परमानंद के शोधग्रंध वारी-भक्ति शक्ति का अदभुत संगम का विमोचन नागपुर में किया। श्रीमती संगीता, डी एस पी एम कोरबा (पूर्व) में कार्यरत कार्यपालन अभियंता श्री किशोर परमानंद की पत्नी हैं। शोधग्रंथ की भूमिका प्रोफेसर मोहकान्त गौतम नीदरलैंड, प्रोफेसर मोना कौशिक, सोफ़िया विश्वविद्यालय बुल्गारिया, डॉ सुधांशु शुक्ला दिल्ली विश्वविद्यालय ने लिखी है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक, तुकडोजी विश्वविद्यालय नागपुर के हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय, श्री रमेश हिमते उपस्थित थे।

# महिला मंडल के आनंद मेला में परिवार सहित पहुंचे प्रबंध निदेशक







**कोरबा पश्चिम** | हसदेव ताप विद्युत गृह में संकल्प महिला मंडल ने आनंद मेले का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार एवं श्रीमती प्रभा कटियार रहीं। संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना डोंगरे ने स्वागत संबोधन किया। प्रबंध निर्देशक ने विभिन्न व्यंजनों तथा मनोरंजक गेम के स्टाल का निरीक्षण किया। स्वरांजलि ग्रुप सीनियर क्लब के कलाकारों द्वारा मधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। मेले में स्थापित सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें मुख्य अभियंता श्री केके डोंगरे, अजय सिन्हा, पीके दुर्गे, जेआर वर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी विशेष रुप से उपस्थित थे।

**कोरबा पूर्व** |डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में प्रेरणा महिला मंडल ने 4 फरवरी को आनंद मेला का आयोजन प्रबंध निदेशक श्री एस.के.कटियार एवं श्रीमती प्रभा कटियार के मुख्य आतिथ्य में किया। उनका स्वागत भरथरी नृत्य से किया गया। सुंदर मनमोहक गीतो की प्रस्तुति कुमारी पूजा धीरहे ने की। क्रेजी डांस ग्रुप एण्ड एकेडमी का विशेष कार्यक्रम में सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें प्रेरणा महिला मंडल के अध्यक्ष सोनिया बघेल, अनिता श्रीवास्तव, सुनीता जांगड़े, उपाध्यक्ष नमिता पैंकरा, अंजना कुजूर, राजेश्वरी रावत, प्रियंका पाटले, अलका शर्मा उपस्थित थीं।

**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह के बसंतपुर आवासीय परिसर में आकृति महिला मंडल (सीनियर) ने आनंद मेला का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार एवं श्रीमती प्रभा कटियार विशेष रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने आकृति महिला मंडल के प्रतीक चिन्ह (लोगो) का विमोचन भी किया।




इस अवसर पर ईडी सर्वश्री एसके बंजारा, बीडी बघेल, सीई रजनीश जांगड़े, एसीई राजाबाबू कोसरे, आलोक लकरा, रामजी सिंह, आरजी देवांगन, आरके तिवारी, आकृति महिला मंडल की अर्निका लकरा, लता कोसरे, नीना तिवारी, कमला सिंह, चारू देवांगन, दीपा साहा, सुषमा तारेंद्र, पूनम कश्यप उपस्थित थीं।

## बसंत पंचमी पर मनाया हल्दी कुमकुम पर्व



**मड़वा** | सीनियर क्लब में आकृति महिला मंडल द्वारा बसंत पंचमी पर हल्दी कुमकुम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती निवेदिता बंजारा एवं नीलिमा रात्रे द्वारा देवी मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें प्रथम संध्या जैन, द्वितीय प्रीति बंजारे और तृतीय शैला जार्ज व यशु साहू रहीं। कार्यक्रम में महिला मंडल के सदस्य मराठी वेशभूषा में सजधज कर पहुंची और एक-दूसरे को हल्दी कुमकुम भेंट की।

## माता-पिता की उतारी आरती



**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा के आवासीय परिसर में आकृति महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री एसके बंजारा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे संस्कार व परवरिश को दर्शाते हैं। इस मौके पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी दादा-दादी व नाना-नानी की आरती उतारकर उनके सिखाए संस्कारों का पालन करते हुए माता-पिता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अर्निका लकरा, नीना तिवारी, चारूलता देवांगन, लता कोसरे उपस्थित थे।

# 10वीं बार विजेता बना कोरबा पश्चिम



राजनांदगांव | अन्तर्क्षेत्रीय विद्युत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 13 जनवरी तक पार्रीनाला स्थित 132 केव्ही सबस्टेशन के खेल मैदान में किया गया।

इसमें कोरबा पश्चिम ने फाइनल मुकाबले में नौ बार के खिताबी अनुभव को प्रदर्शित करते हुए रायपुर क्षेत्र को 35-9 अंकों के बड़े अंतर से इस मुकाबले में जीत दर्ज की और 10 वीं बार अन्तर्क्षेत्रीय विद्युत कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम थे। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री रंजीत घोष, श्री एसके शर्मा, केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री नवीन साहू, क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव श्री बीरबल उइके प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# डंगनिया में खेल सप्ताह का आयोजन



रायपुर | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का शुभारंभ 18 से 25 जनवरी तक डगनिया मुख्यालय में किया गया। खेल सप्ताह के अंतर्गत पुरुष क्रिकेट में सिटी सर्कल-वन की टीम विजेता रही। महिला क्रिकेट में जनरेशन कंपनी ने बाजी मारी। विजेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह में चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने पुरस्कृत किया। खेल सप्ताह का उद्घाटन जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस के कटियार ने किया।

समूह एवं वैयक्तिक आधार पर आठ अलग- अलग स्पर्धाएं आयोजित हुई। पुरुष एवं महिला वर्ग में व्हालीबाल, टेबल टेनिस , ब्रिज, क्रिकेट , कैरम, टेनिस बाल थ्रो बैडमिंटन और शतरंज स्पर्धाओं का आयोजन हुआ।

# टेबल टेनिस में श्री मिश्रा और ओबेरॉय बने विजेता



दुर्ग | अन्तक्षेत्रीय पॉवर कंपनीज टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में डबल्स में दुर्ग क्षेत्र के श्री रजनीश ओबेराय एवं रायपुर सेंट्रल के श्री विमल मिश्रा की जोड़ी ने प्रथम प्राप्त किया। मेन्स सिंगल्स में भी दुर्ग क्षेत्र के ही श्री रजनीश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दुर्ग क्षेत्र के टेबल टेनिस टीम के सभी खिलाड़ियों ने मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने इस उपलब्धियों के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# हॉकी में कोरबा पश्चिम विजेता



कोरबा | हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम की मेजबानी में अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 जनवरी तक किया गया। कोरबा पश्चिम ने विजय श्री का खिताब एक बार फिर अपने नाम किया । अंबिकापुर रीजन को उपविजेता रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि चीफ इंजीनियर श्री के.के.डोंगरे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब श्री अनिल मिंज, कप्तान कोरबा पश्चिम को तथा सर्वाधिक गोल करने का खिताब श्री अमित एक्का, सहायक अभियंता कोरबा पश्चिम को प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब अंबिकापुर रीजन के श्री सूरज देव को प्रदान किया गया।

# बैडमिंटन में कोरबा पश्चिम विजेता




जगदलपुर | छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनीज की अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन स्पर्धा जगदलपुर में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम की टीम विजेता रही, उप विजेता बिलासपुर क्षेत्र की टीम रहीं। पुरूष वर्ग की ओपन एकल स्पर्धा में कोरबा पश्चिम के श्री अविनेश पाठक विजेता रहे, उप विजेता बिलासपुर क्षेत्र के श्री लक्ष्मीकांत पटेल रहे। महिला वर्ग की ओपन एकल स्पर्धा में कोरबा पश्चिम की श्रीमती अनिता सिंह उइके विजेता, कोरबा पूर्व की कु. संध्या रानी उप विजेता रहीं। महिलाओं की ओपन डबल स्पर्धा में रायपुर सेन्ट्रल की कु. वीरांगना भगत एवं कु. जुवेना गोम्स विजेता, उप विजेता कोरबा पूर्व की कु. संध्या रानी एवं श्रीमती श्रद्धा पिल्लई ने प्राप्त किया।



प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक

# तिरोहित तितुरघाट का विमोचन किया सीएम ने



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 8 फरवरी को अपने निवास कार्यालय में गोविन्द पटेल की पुस्तक तिरोहित तितुरघाट पुस्तक का विमोचन किया। श्री पटेल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में प्रबंधक (जनसंपर्क) के पद पर कार्यरत हैं। यह पुस्तक पांच सौ साल पहले गोंड राजाओं द्वारा खोदे गए चतुर्भुजी (कुंड) तालाब के जीर्णोद्धार की स्मारिका के रूप में प्रकाशित की गई है। श्री पटेल इसके पूर्व टमाटर की बंपर पैदावार, तकदीर बदल सकते हैं सुनहरे दाने, छत्तीसगढ़ को तंदुरुस्त बना सकती है भाजी और छह कोरी छह आगर तरिया अऊ बूढ़वा नरवा नाम की पुस्तिका का प्रकाशन कर चुके हैं। वे 12 साल तक दैनिक भास्कर रायपुर व नई दुनिया में पत्रकार रहे। श्री पटेल को 2009 में राज्य शासन व्दारा पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय लेखन के लिये चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता सम्मान प्रदान किया जा चुका है।

## हमारे गौरव

### आयुषी ने मलेशिया में जीता भरतनाट्यम में प्रथम पुरस्कार



**राजनांदगांव।** मलेशिया में नृतधाम कला समिति द्वारा आयोजित देशराग 2023 महोत्सव में भरतनाट्यम के एकल नृत्य प्रतिस्पर्धा में कु. आयुषी गोस्वामी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। आयुषी राजनांदगांव के विजिलेंस डिवीजन के कार्यपालन अभियंता श्री रविन्द्र कुमार गोस्वामी की सुपुत्री है। वे दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई, कक्षा 7 वीं की छात्रा हैं। वो अपनी सफलता का मूलमंत्र नियमित नृत्य अभ्यास और सकारात्मक नजरिए को मानती हैं। आयुषी की इस सफलता पर पॉवर कंपनी की ओर से बधाई

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में आर्या को मिला गोल्ड

**बिलासपुर।** 17 वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के सब जूनियर बालिका वर्ग में कु. आर्या कोराम्ने ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। वे बिलासपुर क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ कार्यालय सहायक श्रेणी-दो श्रीमती क्षिप्रा कोराम्ने की सुपुत्री हैं। उनकी यह उपलब्धि पॉवर कंपनी के लिए गौरव का विषय है। उन्हे पॉवर कंपनी की ओर से बधाई।



## कुर्यात् सदा मंगलम्



**सौरभ संग कीर्ति**

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री सुरेश कुमार सोनी एवं श्रीमती आशा सोनी के सुपुत्र चि. सौरभ का विवाह फरीदाबाद निवासी डॉ. अनूप कुमार एवं श्रीमती संतोषी कुमारी की सुपुत्री सौ.कां. कीर्ति के साथ 25 जनवरी को सम्पन्न हुआ। हार्दिक बधाई....


अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के कार्यपालक निदेशक कार्यालय में पदस्थ भृत्य सागर साहू का विवाह एमपी नगर कोरबा निवासी श्री खेदूराम साहू की सुपुत्री सौ. कां. मधु के 04 दिसंबर 22 को संपन्न हुआ। श्री सागर के पिता फिरंगी लाल साहू पेशे से किसान हैं। हार्दिक बधाई...

**सागर संग मधु**



# मड़वा संयंत्र ने विद्युत उत्पादन का बनाया नया कीर्तिमान

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा की 500 मेगावॉट की इकाई क्रमांक-दो ने नया कीर्तिमान रचा है। 10 फरवरी 2023 को संयंत्र ने 102.74 प्रतिशत पीएलएफ के साथ सर्वाधिक 12.328 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया। यह कीर्तिमान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के 500 मेगावॉट क्षमता की तीन इकाइयों के बीच दर्ज किया गया है। इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक श्री एस.के. कटियार ने कहा कि अभियंताओं एवं कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, लगन व परिश्रम से 10 फरवरी 2023 को यह कीर्तिमान दर्ज किया गया है। इस दिन इकाई क्रमांक-दो ने 513 मेगावॉट क्षमता के साथ औसत लोड पर सर्वाधिक विद्युत उत्पादन किया है। इससे पहले यह कीर्तिमान हसदेव ताप विद्युत संयंत्र के नाम था, जिसमें विस्तार संयंत्र ने एक दिवस में 102.34 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 12.281 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया था।



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी, डंगनिया रायपुर**

▪ फोनः 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com